BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI
CLASS- 3 SESSION 2025-26
(Hindi) (WORKSHEET/ASSIGNMENT 3)

(पाठ 7 सदानीरा कावेरी,मुहावरे ,सर्वनाम ,गिनती 1 से 30)

1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर चुनो-

मैंने माँ की मदद से गमले में लिली का पौधा लगाया। रोज़ सुबह उठकर उसमें पानी डालती हूँ। उससे बातें करती हूँ ।पूछती हूँ, तुम मुझे फूल कब दिखाओगे ।एक दिन सुबह उसमें तीन कलियाँ दिखाई दी । मैं खुश हो गई। कुछ ही दिनों में कलियाँ फूल बन गई। मैं खुशी से उछल पड़ी। धन्यवाद मेरे नन्हे पौधे। लिली के फूल भी हवा से हिलकर खुश हो रहे थे।

प्रश्न 1:-लिली के पौधे में कितनी कलियाँ दिखाई दी?

दो ( ) सात ( ) तीन (✓)

प्रश्न 2:-लिली का पौधा किसकी मदद से लगाया गया?

गमले की ( ) माँ की (✓) फूल की( )

प्रश्न 3:- धन्यवाद किसे किया गया?

ईश्वर का ( ) माँ का ( ) नन्हे पौधे का (✓)

प्रश्न 4:- सही शब्द चुनो-

कलियां ( ) कलीयां ( ) कलियाँ ( )

प्रश्न 5 :- 'औ ' की मात्रा वाले शब्द चुनो-

रोज़( ) पौधा (✓) मैंने ( )

2 सही विकल्प चुनो-

क) मेरा नाम रमन है। - इस वाक्य में सर्वनाम है-

नाम ( ) रमन ( ) मेरा (✓)

ख) अट्ठाईस के बाद ___________आता है

छब्बीस ( ) तीस ( ) उनतीस (✓)

ग) 'चौबीस से पहले आता __________________है।

पच्चीस ( ) तेईस (✓) बाईस ( )

घ) __________घर बहुत बड़ा है। उचित सर्वनाम से वाक्य पूरा करें।

उसकी ( ) मेरी ( ) मेरा (✓)

3) उचित मुहावरों का प्रयोग कर वाक्य पूरा करें:-

क) बहुत सारी मिठाइयों को एक साथ देखकर मेरे मुहँ में पानी आ गया ।

ख) परीक्षा में कम अंक आने पर मेरी माँ आग बबूला हो गई ।

4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाक्य में लिखें:-

क) सदानीरा का क्या अर्थ है?

उत्तर:-जो नदी सदा जल से भरी होकर प्रवाहित होती रहे , उसे सदानीरा कहते हैं।

ग) जलप्रपात किसे कहते हैं?

उत्तर:-जब कावेरी नदी पहाड़ियों से लगभग 110 मीटर की ऊँचाई से गिरती है तब यह जलप्रपात बनता है।

ग)कावेरी में मिलने वाली नदियों के नाम लिखें।

उत्तर:-कावेरी नदी से मिलने वाली नदियाँ, हरंगी ,हेमवती ,नोयिल ,अमरावती, सिमसा ,लक्ष्मणतीर्थ, भवानी आदि

5) लिंग परिवर्तन करें

दादा- दादी

लेखिका- लेखिका

6) सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखें:-

क) इसमें खूब पानी रहता है।

उत्तर:- इसमें

ख) आज हमें कावेरी पर प्रोजेक्ट बनाना है।

उत्तर:- हमें

7) जो समान तुक वाले शब्द नहीं हैं, उसे रेखांकित करें:-

दिया कील सिया जिया

8) कि/ की लगाकर वाक्य पूरा करें:-

क)पुस्तक की जिल्द फट गई।

ख) अमन कहता है कि मेरे घर आना।

9) शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं:-

क) सदैव- हमेशा

वाक्य :- हमें सदैव सच बोलना चाहिए।

ख) प्रसिद्ध- मशहूर

वाक्य :- आगरा का ताजमहल पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

10 जल बचाने हेतु कोई दो उपाय लिखें:-

1) नहाते समय बाल्टी का प्रयोग करना चाहिए।

2) हाथ धोते समय, ब्रश करते समय नल को खुला नहीं छोड़ना चाहिए।